# कार्यालय वन वृत्त छतरपुर (मध्यप्रदेश)

पुराना बिजावर नाका, छतरपुर (म.प्र.) 471001
07682-242107 (O.), 242107 (Fax) E-mail: ccf.ctr@mp.gov.in

क्रमांक / मा.चि. / 2019 / 3201 छतरपुर, दिनांक / 03/09/019

प्रति,

**वनमण्डलाधिकारी,**
**वनमण्डल टीकमगढ़ (म.प्र.)**

**विषय :–** सतधारा तालाब योजना के अंतर्गत डूब क्षेत्र में आने वाली 39 हे0 वनभूमि, वन परिक्षेत्र जतारा हेतु ऑन लाईन प्रस्ताव क्रं0 / **FB/MP/IRRIG/29885/2017** प्रस्तुत करने बावत्।

**संदर्भ :–** आपका पत्र क्रमांक / मा.चि. / 2019 / 772 दिनांक 29.08.2019।

--0--

विषयान्तर्गत के संबंध में संदर्भित पत्र द्वारा सतधारा तालाब योजना के अंतर्गत डूब क्षेत्र में प्रभावित वनभूमि 39.00 हे0 का ऑन लाईन प्रस्ताव क्रं0 **FB/MP/IRRIG/29885/2017** स्वीकृति हेतु प्राप्त हुआ है जिसमें निम्न कमियां परिलक्षित हुई हैं।

1. प्रस्ताव की हार्ड प्रति में Georeference Forest Map आवेदित क्षेत्र को चिन्हित कर संलग्न नहीं किया गया है।
2. सर्वे ऑफ इण्डिया की टोपोशीट (1:50000) संलग्न है, परन्तु आवेदित क्षेत्र का इन्डेक्स तथा मानचित्र को सत्यापित नहीं किया गया है।
3. प्रस्तावित योजना में प्रभावित वनभूमि एवं बदले में प्राप्त गैर वनभूमि की KML फाईल (रंगीन) प्रस्ताव की हार्ड प्रति में संलग्न नहीं है।
4. व्यपवर्तित वनभूमि के बदले प्राप्त राजस्व भूमि पर तैयार की गई वैकल्पिक वृक्षारोपण योजना एवं तकनीकि स्वींकृति प्रस्ताव के साथ संलग्न करें ।
5. प्रभावित वनभूमि के वृक्षों की वृक्ष गणना प्रस्ताव के साथ संलग्न नहीं है।
6. वैकल्पिक वृक्षारोपण हेतु आवेदक संस्थान द्वारा उपलब्ध कराई जाने वाली गैर वनभूमि की KMLफाईल में प्रदाय की जाने वाली भूमि के POLYGONE एक दूसरे के ऊपर OVERLAP हो रहे हैं तथा 01 POLYGONE का क्षेत्रफल 31.40 हे0 प्रदर्शित हो रहा है जिसका भलीभांती परीक्षण कर संशोधित KMLफाईल अपलोड करावें।

अतः प्रस्ताव में उपरोक्त कमियों की पूर्ती के साथ–साथ प्राप्त गैर वनभूमि पर वैकल्पिक वृक्षारोपण योजना निर्धारित प्रारूप में तकनीकी स्वीकृति हेतु भेजें, तकनीकी स्वीकृति जारी होने उपरांत ऑनलाईन भाग–2 में अपलोड कर हार्ड प्रति प्रस्ताव के साथ संलग्न करें, ताकि अग्रिम कार्यवाही की जा सके।

**संलग्नः– मूलतः प्रस्ताव।**

03.09.19
(आर0पी0राय)
**मुख्य वन संरक्षक**
**छतरपुर वृत्त, छतरपुर**

पृ.क्रमांक / मा.चि. / 2019 / 3202 छतरपुर, दिनांक / 03/09/019

**प्रतिलिपि** :–1. अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (भू–प्रबंध) सतपुड़ा भवन भोपाल मध्य प्रदेश की ओर सादर सूचनार्थ सम्प्रेषित।

2. कार्यपालन यंत्री जल संशाधन संभाग टीकमगढ़, जिला टीकमगढ़ मध्यप्रदेश की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

03.09.19
**मुख्य वन संरक्षक**
**छतरपुर वृत्त, छतरपुर**